केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

18.07.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

**सीबीएसई ने कक्षा X द्वितीय बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 की घोषणा की**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा X द्वितीय बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 घोषित कर दिया है। छात्र डिजिलॉकर परिणाम पोर्टल के माध्यम से URL: *results.digilocker.gov.in* पर अपने परिणाम देख सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप, सीबीएसई ने 2026 से कक्षा X के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं शुरू की थीं। मुख्य बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 तक आयोजित की गई थी, इसके बाद 15 मई से 21 मई 2026 तक दूसरी बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई थी।

दूसरी बोर्ड परीक्षा ने 2026 की मुख्य बोर्ड परीक्षा के पात्र छात्रों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने का एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया था। तदनुसार, 2026 के नियमित छात्रों के लिए, अंतिम परिणाम तैयार करने के लिए दो प्रदर्शनों में से बेहतर पर विचार किया जाता है।

**क. द्वितीय बोर्ड परीक्षा, 2026 के आंकड़े**

| क्रम संख्या | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | द्वितीय बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए पंजीकृत कुल उम्मीदवार | **6,64,027** |
| 2. | द्वितीय बोर्ड परीक्षा 2026 में उपस्थित कुल उम्मीदवार | **6,63,777** |
| 3. | उम्मीदवार जो सुधार के लिए उपस्थित हुए | **5,13,955** |
| 4. | जिन उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा में अपने प्रदर्शन में सुधार किया | **3,08,095 (59.95%)** |
| 5. | कम्पार्टमेंट श्रेणी में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार | **1,49,822** |
| 6. | कम्पार्टमेंट श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवार | **78,503 (52.40%)*** |
| 7. | 2026 की मुख्य और द्वितीय बोर्ड परीक्षा के परिणामों के संयोजन के बाद कुल मिलाकर उत्तीर्ण प्रतिशतता | **96.78%** |

***कम्पार्टमेंट श्रेणी-2025 में पास प्रतिशतता 48.68% थी**

स्कूल-वार परिणामों को स्कूलों को उनके पंजीकृत ईमेल पते के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। स्कूल सीबीएसई द्वारा पहले से प्रदान किए गए प्रत्यय-पत्र(क्रेडेंशियल्स) का उपयोग करके रिपॉजिटरी के माध्यम से अपने छात्रों के डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेजों को देख सकते हैं।

**ख. विदेशों में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के छात्र**

विदेशों में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के छात्र भी डिजिलॉकर के माध्यम से अपने परिणाम और डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज देख सकेंगे।

**ग. मुद्रित मार्कशीट**

नियमित छात्रों, जिनमें विदेश में अध्ययन करने वाले भी शामिल हैं, के मुद्रित मार्कशीट-सह-उत्तीर्ण प्रमाणपत्र, उनके संबंधित स्कूलों के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे।

प्राइवेट उम्मीदवारों को डिजिलॉकर के माध्यम से डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज भी प्रदान किए जाएंगे। मुद्रित दस्तावेजों को उनके पंजीकृत पते पर भेजा जाएगा। तथापि, दिल्ली पूर्व और दिल्ली पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालयों के अधीन प्राइवेट उम्मीदवार अपने मुद्रित दस्तावेज उन परीक्षा केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं जहाँ से वे उपस्थित हुए थे।

**घ. परिणाम बाद की सेवाएँ**

परिणाम के बाद की सुविधाओं का विवरण एक आधिकारिक परिपत्र के माध्यम से अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

सीबीएसई छात्रों और अभिभावकों से अपील करता है कि वे परिणाम प्रक्रिया के संबंध में असत्यापित सोशल मीडिया पोस्ट, अफवाहों या अनौपचारिक स्रोतों पर भरोसा न करें। प्रामाणिक और अद्यतन जानकारी सीबीएसई के आधिकारिक संचार चैनलों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

किसी भी प्रश्न के लिए, उम्मीदवार resultscbse2026@cbseshiksha.in पर लिख सकते हैं या अपने संबंधित सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालयों या सीबीएसई टेली-हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई**